



## एक नजर में




### नशामुक्ति व कुरीतियों को मिटाने का लिया संकल्प

**आष्टा.** सामाजिक जागरुकता और स्वस्थ समाज की दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए ग्राम बेदखेड़ी एवं सियाखेड़ी जफराबाद के रहवासियों ने ग्राम में शराबबंदी लागू करने तथा सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संकल्प लिया. ग्रामीणों ने एसडीएम नितिन टाले, एसडीओपी आकाश अमलकर एवं जनपद सीईओ अमित व्यास की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कर यह प्रण लिया कि वे शराब का सेवन नहीं करेंगे और न ही गांव में शराब बिक्री होने देंगे. इसके साथ ही बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशाखोरी जैसी बुराइयों के खिलाफ भी एकजुट होकर जागरुकता फैलाएंगे.



### ट्रस्ट बनाने के विरोध में समाजजनों ने सौंपा ज्ञापन

**आष्टा.** श्री गेहलोत मेवाड़ा राजपूत समाज एवं श्री राजपूत समाज के कार्यकर्ताओ ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि महाराणा प्रताप छात्रावास का निर्माण गेहलोत राजपूत समाज द्वारा चंदा इकट्ठा करके किया गया. उक्त भूमि को स्व. पटेल बाफूसिंह मेवाड़ा द्वारा दान दी गई थी. उक्त भूमि पर ही समाज के द्वारा निर्माण किया जा रहा है. कुछ सामाजिक लोग उक्त भवन को न्यास बनाकर व आजीवन सदस्य बनाकर समाज के कार्यकर्ताओं को धोखा देकर ट्रस्ट बना रहे हैं. जबकि पूर्व में एसडीएम को एक आवेदन किया था जिसमें समाज की व्यवस्था की जानकारी नियमानुसार तीन वर्ष में कार्यकारणी बदलती है. ज्ञापन में अपील की है कि जिन्होंने निजी स्वार्थ के लिए जो आवेदन दिया गया है उसे खारिज करें. ज्ञापन देने वालों में शिवनारायण पटेल, श्रीमल मेवाड़ा, अमरसिंह मेवाड़ा, भगवतसिंह, राजा मेवाड़ा, नरेश राजपूत, अचलसिंह मेवाड़ा, राजेश मेवाड़ा कुलदीप सिंह लोरास, महेन्द्र मेवाड़ा, जितेन्द्र राजपूत, जसपाल राजपूत, अरूण राजपूत, विमल मेवाडा, जितेन्द्र मेवाड़ा, विक्रमसिंह मेवाड़ा, चंदरसिंह, संतोष मेवाड़ा, सुमित मेवाड़ा, अनिल मेवाड़ा, सुनील मेवाड़ा उपस्थित थे.



### भाजपा 2 अक्टूबर तक मनाएगी सेवा पखवाड़ा

**भैरूंदा.** भाजपा मंडल द्वारा कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक में सेवा पखवाड़ा और सांसद खेल महोत्सव जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई. पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन का उद्देश्य अंत्योदय है. उनके जन्मदिन को हम उत्सव के रूप में नहीं, सेवा के माध्यम से मनाकर उनके विजन को जन-जन तक पहुंचाएं. जिला संयोजक जितेंद्र गौड़, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता लखेरा, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए. बैठक में सांसद खेल महोत्सव की भी रूपरेखा प्रस्तुत की गई. जो केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विधायक रमाकांत भार्गव की प्रेरक एवं विजनरी सोच से आयोजित किया जाएगा. बैठक में चंद्रकांत खंडेलवाल, ओम पटेल, सुनील माहेश्वरी, नपं अध्यक्ष मारुति शिशिर, लीलाधर बेड़ा, कपिल खंडेलवाल, दीनबंधु कुशवाह, वर्षा दोगने, भाग्यश्री सोनी, उषा राठौर, रचना भारी, राजेश पाराशर, कैलाश धावड़े, अमित मीणा, संजय पटेल, तरुण मालवीय, रामकृष्ण पंवार, चतुर्भुज सोलंकी, गोलू जाट, गोल्डी अग्रवाल, राजेंद्र सोनी, दीपक दरबार, अरविंद पंवार, लोकेश शर्मा, सुमित पंवार, अर्जन शर्मा, राजा राठौर, गौरीशंकर कुशवाह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.



### ब्लॉक टास्क फोर्स समिति की बैठक में दिए निर्देश

**आष्टा.** राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस अभियान 23 सितम्बर को मनाया जाएगा. सिविल अस्पताल में एसडीएम नितिन टाले की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय कृमिमुक्ति अभियान में 1 से 19 वर्ष तक के समस्त बालक-बालिकाएं एवं 19 से 49 वर्ष तक की महिलाओं को ऐलबेण्डाजोल गोली का सेवन करवाया जाएगा. समस्त आंगनवाड़ी, शासकीय शाला, मदरसे आदि में इस गोली का सेवन करवाया जाएगा. इसके साथ ही जो शाला त्यागी बच्चे हैं उन्हें भी यह गोली घर-घर जाकर दी जाएगी. बैठक में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित गणेश माथुर, एसडीओपी श्री अमलाकर, बीआरसी अजब सिंह राजपूत, प्रमोद, अनिल गिर, कुलदीप शर्मा, राजकिशोरी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.

### पटाखा विक्रय, निर्माण व परिवहन के लिए एनओसी जरूरी

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के ने विस्फोटक सामग्री, निर्माण, संधारण, परिवहन, विक्रय एवं चोरसा पटाखे विक्रय के लिए एनओसी, अनुज्ञप्ति से संबंधित चिन्हित 19 सेवा का एमपी ई-सर्विस पार्टल के माध्यम से पूर्णतः ऑनलाइन प्रदाय किए जाने के लिए नवीन व्यवस्था प्रारंभ की गई है. आतिशबाजी विक्रय के लिए अस्थाई लायसेंस प्राप्त करने आवेदन कर्ताओं द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान 15 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक किया जाएगा. आवेदनकर्ता को ऑनलाइन आवेदन पत्र में जानकारी के साथ संबंधित दस्तावेजों की स्केन प्रति भी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करनी होगी. एनओसी, अनुज्ञति के लिए 500 रुपए कोष एवं लेखा कार्यालय के लेखाशीर्ष 0070-अन्य प्रशानिक सेवाएं 060 अन्य सेवाएं-103 विस्फोटक अधिनियम में ऑनलाइन किया जाएगा.

# खस्ता हालात सुधारने लोक अदालत से आस

## आगामी नेशनल लोक अदालत में बकाया कर जमा करने की अपील लेकर ढोल- ताशे बजाती निकली नपा

- नपा को शहर के उपभोक्ताओं से वसूलना है 27 करोड़ कर
- अधिभार में रियायत दे रही नपा ताकि ज्यादा कर जमा हो सके




**सीहोर.** शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करने नपाकर्मी बैंड बाजों के साथ शहर में निकले.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 सितंबर. आगामी शनिवार को होने वाली नेशनल लोक अदालत से नपा को काफी आस है, क्योंकि अपनी आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण नपा को अब कर वसूली का ही सहारा बचा है. ऐसे में गुरुवार को नपा के अमले ने ढोल- नगाड़ों के साथ शहर में निकलकर लोक अदालत का प्रचार- प्रसार किया और लोगों से लोक अदालत में बकाया कर जमा करने की अपील की.**

उल्लेखनीय है कि आगामी 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है. जिले भर में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में गठित 24 खंडपीठ में विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा. लोक अदालत में बकाया वसूली को लेकर नपा परिषद भी अच्छी खासी उत्साहित है, क्योंकि इसमें उसे अपनी बकाया राशि की वसूली को लेकर काफी उम्मीदें हैं. लोक अदालत में होने वाली वसूली से नपा की वर्तमान माली स्थिति में कुछ सुधार हो सकेगा.

नपा के सूत्रों की मानें तो उसे शहर के उपभोक्ताओं से 17 करोड़ रुपए से अधिक की कर राशि वसूलना है. इसमें बकाया संपत्ति कर 7 करोड़ 50 लाख रुपए है तो संपत्ति कर चालू भी 4 करोड़ 30 लाख रुपए पर पहुंच गया है. इसी तरह जलकर की बकाया राशि 3 करोड़ 95 लाख है तथा जलकर चालू की 1 करोड़ 95 लाख राशि उपभोक्ताओं पर बकाया है. इस तरह नपा को कुल 17 करोड़ 70 लाख रुपए की राशि उपभोक्ताओं से वसूलना है. ऐसे में नपा द्वारा बकायादार उपभोक्ताओं को लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण करने की अपील की जा रही है. इसी तारतम्य में गुरुवार को नगरपालिका का अमला नपा कार्यालय से ढोल- ढमाके के साथ बाजार में निकला. इस दौरान नपाकर्मी हाथों में लोक अदालत के प्रचार- प्रसार की तख्तियां लेकर चल रहे थे. आगे सायरन बजाते वाहन के पीछे लाव लश्कर लेकर चल रहे नपा के कर्मचारी लोगों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील कर रहे थे.

### अन्यथा शासकीय कार्रवाई करेंगे

नपा अपने सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील करती है कि वह नेशनल लोक अदालत में आकर अपने प्रकरणों को निपटारा कराएं और संपत्ति कर व जल कर की अधिभार राशि में छूट का लाभ प्राप्त करें. अगर कर अदा नहीं किया गया तो नल कलेक्शन काट दिया जाएगा और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

**सुधीर कुमार,**
मुख्य नपा अधिकारी

### संपति कर अधिभार/ जलकर अधिभार में छूट

01. 50000/- रुपए तक संपत्तिकर मय अधिभार बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट
02. 50000/- रुपए से रु. 100000/-तक संपत्तिकर मय अधिभार बकाया होने पर 50 प्रतिशत छूट
03. 100000/- रुपए से अधिक संपत्तिकर मय अधिभार बकाया होने पर 25 प्रतिशत छूट
04. 10000/- रुपए तक जलकर मय अधिभार बकाया होने पर 100 प्रतिशत छूट
05. 10000/- रुपए से रु. 50000/-तक जलकर मय अधिभार बकाया होने पर 75 प्रतिशत की छूट
06. 50000/- रुपए से अधिक जलकर मय अधिभार बकाया होने पर 50 प्रतिशत छूट

### छापामार कार्रवाई में धराए 15 जुआरी



**सीहोर.** कोतवाली पुलिस द्वारा देर रात मछली बाजार में एक घर के अंदर से 15 जुआरियों को जुआ खेलते हुए दबोचा. जिनसे 27 हजार 250 रुपए नगदी बरामद किए गए. बीती रात को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि मछली बाजार के एक घर में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं. पुलिस ने दबिश दी. करीब 15 जुआरी जुआ खेलते पाए गए. जिनके कब्जे से 27 हजार 250 नगदी जप्त की गई. आरोपियों में आमिर उर्फ रहमान पिता लाइक, मो.उमर कुरैशी पिता उस्मान मोहम्मद कसाई मंडी, मो. इमरान पिता इकबाल, मो.जावेद पिता हमिल कुरैशी निवासी बद्री महल, मो. फुकरान पिता इदरीश कोतवाली चौराहा, फैजान पिता मो.कयूम, अमीन आ. रहीस इंग्लिशपुरा, साबिर पिता नसरू गल्ला मंडी, अनस आ. असलम, फराज रंगरेज पिता आसिफ, नाजिम पिता शाकिर, अजहर आ. असलम मछली बाजार, मो. मुजाहिद पिता मो. समद निवासी पलटन एरिया, मो. अशरफ पिता असगर अली निवासी छावनी, मो. आमिर पिता अनवर निवासी आनंद डेयरी शामिल हैं.

### किशोरी की पानी से भरे कुएं में डूबने से मौत

**जावर.** थाना क्षेत्र के सतबड़ा में गुरुवार को बड़ी घटना हो गई. कुएं में डूबने से एक 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में शव को कुएं से बाहर निकालकर पीएम के लिए आष्टा सिविल अस्पताल भिजवाया. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सतबड़ा निवासी पायल पिता सिद्धूसिंह सैंधव गुरुवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते कुएं में गिर गई. इसकी सूचना मिलते ही तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, जावर थाना प्रभारी नीता देअरवाल मौके पर पहुंचे. एसडीइआरएफ टीम की मदद से पायल को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है.

# सोशल मीडिया पर नाबलिग से दोस्ती कर ऐंठे लाखों रुपये व जेवर

- आरोपी ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर बाद में किया ब्लैकमेल
- तंग आकर नाबलिग ने अपने पिता को बताया तब खुला राज

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 सितंबर.** सोशल मीडिया पर दोस्ती कर नाबालिग को ब्लैकमेल करने का बड़ा मामला उजागर हुआ है. आरोपी ने इंस्टाग्राम के माध्यम से पीड़िता से दोस्ती की और बाद में ब्लैकमेल कर क्तीन लाख रुपए नकद और लाखों रुपए की ज्वेलरी ऐंठ ली. जब आरोपी ने और अधिक पैसे की मांग की, तो पीड़िता ने अपने पिता को घटना की जानकारी दी. इसके बाद मामला थाने पहुंचा.

थाना कोतवाली पुलिस के अनुसार तिरुपति कॉलोनी निवासी पिता ने गत दिनों थाना कोतवाली में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की और बाद में ब्लैकमेल कर नकदी व ज्वेलरी ऐंठ ली. पिता ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई. टीम को आरोपी की तलाश और नगदी व जेवरात की रिकवरी का जिम्मा दिया गया. टीम ने इछावर निवासी 22 वर्षीय आरोपी निर्मल श्रीवास्तव उर्फ मयंक को सीहोर में गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि ऑनलाइन गेमिंग में हारने के बाद पैसे की जरूरत पूरी करने के लिए पीड़िता से नकदी और ज्वेलरी ली. ज्वेलरी को अलग-अलग जगह से गोल्ड लोन के माध्यम से कैश कराया. आरोपी का कहना था कि ऑनलाइन गेमिंग में हुए नुकसान की भरपाई के लिए उसने पीड़िता को ब्लैकमेल किया. उसने मान लिया कि वह नाबलिग से नकदी और ज्वेलरी लेकर गेमिंग में हार हुए पैसे चुका सकता है.यह घटना समाज में नाबालिगों को सोशल मीडिया पर सतर्क रहने की आवश्यकता को उजागर करती है.



### कुछ इस तरह परत दर परत खुला मामला

पीड़िता ने अपने पिता को घटना की जानकारी देकर समय रहते पुलिस को सूचना दी. पिता की सतर्कता से आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सकी और और आगे की ब्लैकमेलिंग रोकी गई. यह घटना यह दर्शाती है कि ऑनलाइन फ्रेंडशिप में सावधानी अत्यंत आवश्यक है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया. आरोपी से चोरी गई नकदी और ज्वेलरी की रिकवरी के प्रयास जारी हैं. कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि आरोपी से नगदी और जेवरात की वसूली की जा रही है और सभी कानूनी कार्रवाई पूर्ण पारदर्शिता के साथ हो रही है.

# युकां ने खराब फसल के साथ किया प्रदर्शन

- गोपालपुरा से भैरूंदा तक निकाली तिरंगा यात्रा
- एसडीओपी को युवक कांग्रेस ने प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 11 सितंबर.** सोयाबीन की फसल और क्षेत्र की सड़कों को लेकर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष संजय हवेली के नेतृत्व में गुरुवार को कांग्रेस ने गोपालपुर के बंजारी बालाजी मंदिर से पूजा अर्चना एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर गोपालपुर से भैरूंदा तक लगभग 20 किलोमीटर किसान स्वाभिमान तिरंगा यात्रा निकाली.

श्री पटेल ने यात्रा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के किसानों की पीड़ा सांझा की. उन्होंने बताया की कृषि मंत्री के क्षेत्र में किसान खाद को लेकर बड़े लंबे समय से परेशान हैं. बहुत से किसानों के मूंग उपार्जन की राशि अब तक उनके खातों में नहीं पहुंची. उन्होंने फसलों के समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग की.कांग्रेस ने मांग की कि पीला मोजक का प्रकोप से किसान परेशान हैं, जल्द सर्वे किया जाए एवं उचित मुआवजा दिया जाए समस्त मांगों को लेकर एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा.



### सीएसपी ने किया डायल 112 का निरीक्षण

**सीहोर.** जिले के समस्त एसडीओपी एवं सीएसपी द्वारा अपने-अपने अनुभाग क्षेत्र में डायल 112 वाहनों का भौतिक निरीक्षण किया गया. उन्होंने इन वाहनों में पुलिस कर्मचारी की डियूटी व चालक की उपस्थिति तथा सभी तकनीकी उपकरण जैसे एमडीटी, रिकॉर्डिंग डिवाइस, सीयूजी सिम, जीपीएस, बॉडी कैमरा, वायरलेस, पीए सिस्टम आदि का निरीक्षण कर चेक किया गया. साथ ही यह चेक किया गया कि इन पर यूजर्स के सही तरीके से कॉल आ रहे, व सभी वाहन सही तरीके से इवेंट पर रवाना होकर निर्धारित समयावधि में घटना स्थल अथवा मौके पर पहुंचकर अपना कार्य संपादित कर रहे हैं.

# खेत पर बंधी भैंस चुराने वाले गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**इछावर 11 सितंबर.** पुलिस ने भैंस चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई भैंस एवं घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद कर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस फरियादी रामबाबू पिता मोतीसिंह निवासी ग्राम बावड़िया गोसाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 सितंबर को की देर रात्रि उसके खेत से दो भैंस एवं एक पाड़ी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी पंकज वाडेकर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई. मुखबिर की सूचना पर एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टीम ग्राम नानसा से गाड़ी के मालिक रामेश्वर गुर्जर की पहचान होने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. जिसने अपने साथी दीपक यादव निवासी ग्राम इटावा खुर्द के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार करते हुए भैंसों को रामेश्वर के खेत पर झोपड़ी में छिपाकर रखना बताया. पुलिस ने 2 भैंस, 1 पड़िया बरामद की. जिनकी कीमत 2 लाख 50 हजार रुपए एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन जप्त किया गया. इस कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक मनोज गोस्वामी, अनूप विश्वकर्मा, नरेंद्र जाट, चंद्रकिशोर, भगवान सिंह, अरुण, मेहरबान एवं सायबर सेल की भूमिका रही.

# पात्र नागरिकों को मिले योजनाओं का लाभ

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 सितंबर.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई.

कलेक्टर ने जिले में संचालित विकास एवं जनकल्याण से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने उद्यम विभाग, श्रम विभाग, शहरी विकास अभिकरण सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए. शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए.

उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिलाया जाए. उन्होंने कहा कि स्वरोजगार से जुड़कर लोग आत्मनिर्भर बनते हैं और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं. उन्होंने जिला योजना अधिकारी को निर्देशित किया कि विधायक एवं सांसद निधि से स्वीकृत राशि को समय पर वितरित किया जाए ताकि इस राशि से होने वाले विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में प्रारंभ और पूर्ण हो सकें.

उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कार्यरत श्रमिकों को श्रम कल्याण योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाए. निर्माण श्रमिकों की पंजीयन प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा संबंधी योजनाओं से जोड़ा जाए. श्रमिक वर्ग समाज की महत्वपूर्ण नींव है, ऐसे में उनकी भलाई के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गंभीरता से लागू किया जाए.

सौगात ▶ 36 टॉपर विद्यार्थियों को विधायक ने प्रदान की स्कूटी

# कलेक्टर और एसपी बनकर नाम रोशन करो

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 सितंबर.** शासकीय स्कूलों में पढ़कर कक्षा 12 वीं में प्रथम स्थान लाने वाले विधानसभा क्षेत्र के 36 टॉपर विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस स्कूल में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुय अतिथि विधायक सुदेश राय ने शासन की योजना अंतर्गत स्कूटी भेंटकर टॉपर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई शुभकामनाएं दी.

विधायक सुदेश राय ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षक ही उत्कृष्ट विद्यार्थियों का निर्माण करते हैं. विद्यार्थियों का भविष्य बनाने में शिक्षिकों की प्रमुख भूमिका होती है. आज जिले के 210 टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी प्राप्त हुई है. टॉपर विद्यार्थियों से अन्य छात्र छात्राओं को भी सीखना चाहिए और सफलता के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए और कलेक्टर, एसपी बनकर स्कूल माता-पिता और सीहोर का नाम रोशन करना चाहिए.

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज प्रदेश के 7834 टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी की भेंट की है. हमारी सरकार छात्र-छात्राओं का भविष्य संवारने में लगी हुई है. बालिकाओं का ध्यान रखा जा रहा है. सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को समग्र शिक्षा की सैनिटेशन एवं हाइजीन योजना का लाभ भी मिल रहा है. सातवीं से 12 वीं की 20 लाख 37 हजार 439 बालिकाओं को 61 करोड़ रुपए डीबीटी द्वारा बैंक खातों में की राशि अंतरित की गई है.



### महिला आईटीआई में प्रवेश 20 तक

**सीहोर.** शासकीय अम्बेडकर महिला आईटीआई में संचालित एनसीव्हीटी,एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी पहले आओ पहले पाओ के अधार 20 सितम्बर तक प्रवेश ले सकते हैं. विद्यार्थी स्वेच्छा से किसी एक आईटीआई के किसी एक ट्रेड च्वाईस फिलिंग कर सकेंगे. च्वाईस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नहीं है. अत: विद्यार्थियों को सावधानी पूर्वक आईटीआई /व्यवसाय का चयन करना चाहिए. च्वाईस फिलिंग करने के पूर्व आईटीआई में व्यवसायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लें. यदि विद्यार्थी प्रक्रिया को पूर्ण नहीं किया जाता है तो उनका अलॉटमेंट संस्था द्वारा अगले कार्यालयीन दिवस में दोपहर 02 बजे के पश्चात निरस्त कर रिक्त सीट पर अन्य आवेदक को प्रवेश दिया जा सकेगा.